


# 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



## बसंत पंचमी पर अमृत स्नान

### अखाड़ों के साधु-संतों ने लगाई डुबकी

### विदेशी श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**महाकुंभनगर ( ब्यूरो )।** महाकुंभ-2025 में तीसरे अमृत स्नान को देखते हुए आज महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त है। महानिर्वाणी अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा और जूना अखाड़ा स्नान कर चुका है। बाकी अखाड़ों के स्नान का क्रम भी जारी है। सबसे पहले नागा साधुओं ने डुबकी लगाई।

आज क्राउड मैनेज करने के लिए ऑपरेशन इलेवन चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह योजना बनाई गई है, जिसकी निगरानी सुबह 3.30 बजे से खुद सीएम योगी कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से वन वे रूट तैयार किया गया है। इसके अलावा पांटून पुलों पर मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसका भी विशेष इंतजाम किया गया है।

सबसे खास बात ये है कि त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जा रहा है, जहां सीनियर अफसर भी टीम के साथ तैनात है। इसके साथ ही बैरिकेडिंग की तादाद भी बढ़ाई गई है। बता दें कि अब तक महाकुंभ में 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान के मौके पर सुबह आठ बजे तक 62 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। अब तक महाकुंभ में 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## मुख्यमंत्री वॉर रूम से कर रहे निगरानी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** महाकुंभ में अमृत स्नान जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 3.30 बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ बसंत पंचमी के अमृत स्नान का लगातार अपडेट ले रहे हैं। सीएम योगी आवश्यक निर्देश भी दे रहे हैं। महाकुंभ में सुबह-सुबह 10 लाख कल्पवासी और 6.58 श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब तक 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

## महाकुंभ हादसे पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे का मुद्दा उठाया. विपक्षी सदस्यों ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी. स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष को प्रश्नकाल चलने देने की ताकीद करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने अभिभाषण में इस बात की भी चर्चा की है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप इस विषय पर भी बोल सकते हैं. उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल सदस्य का महत्वपूर्ण समय होता है। इसे चलने दें. स्पीकर ने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू करा दी. प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी विपक्षी सदस्य चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ हादसे को लेकर विपक्ष के हंगामे पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की आलोचना की. उन्होंने कहा कि ये ठीक नहीं है. आप सरकार से सवाल नहीं पूछते हो. जनता आपसे सवाल पूछेगी। लोकसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही जारी है. विपक्षी सदस्य प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना और इसमें हुई मौतों को लेकर चर्चा की मांग करते हुए वेल में आ गए हैं. विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही जारी है।

## संगम तट पर गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश

*महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान बसंत पंचमी के दिन सोमवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। पुष्प वर्षा की शुरुआत सुबह 6.30 बजे से ही हो गई, जब अखाड़ों का अमृत स्नान जारी था। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद नागा संन्यासियों, संतों और श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।*

*महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों से बारिश की जा रही है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा और पहले अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं गईं थीं, जबकि मौनी अमावस्या के दूसरे अमृत स्नान पर भी सांकेतिक रूप से पुष्प वर्षा कराई गई।*



## FIITJEE पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी, 60 लाख के खाते सीज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-गाजियाबाद सहित देश केअन्य हिस्सों में कोचिंग इंस्टीटयूट FIITJEE के सेंटर बंद होने के मामले में नोएडा पुलिस बड़ी कार्यवाही की तैयारी कर रही है। FIITJEE के बड़ी संख्या में खाते सीज करने की प्रक्रिया नोएडा पुलिस ने शुरू कर दी है। इन खातों की जानकारी मुंबई से जुटाई जा रही है।

आपको बतादें कि नोएडा में FIITJEE कोचिंग इंस्टिट्यूट ने पिछले महीने अचानक अपनी शाखा को बंद कर दिया था, जिससे यहां पढ़ाई कर रहे 1000 से अधिक छात्रों की पढ़ाई पर संकट आ गया था। छात्रों और उनके अभिभावकों ने कोचिंग इंस्टिट्यूट पर गंभीर आरोप लगाए कि संस्थान ने दो साल की फीस एडवांस में ली थी, लेकिन अब संस्थान ने अपनी शाखा बंद कर दी है। अभिभावकों का कहना था कि जब वे FIITJEE सेंटर पहुंचे, तो वहां कोई जानकारी नहीं दी गई और संस्थान ने बिना किसी सूचना के क्लासेस बंद कर दी। छात्रों और अभिभावकों ने नोएडा के थाना सेक्टर 58 में इस मामले की शिकायत दर्ज करवाई थी।






डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि पुलिस को FITJEE के बहुत सारे खातों के बारे में पताचला है क्योंकि यह खाते कॉर्पोरेट हैं इसलिए इनकी जानकारी मुंबई से जुटाई जा रही है। 250 से ज्यादा अभिभावकों के बयाान दर्ज किए गए हैं। वहीं पुलिस ने संस्थान के पूर्व स्टाफ और टीचरों की संख्या जानने के लिए नोटिस जारी किया है। FITJEE के मालिकों को भी नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के मुताबिक FITJEE के मालिक दिनेश गोयल पर केस दर्ज हुआ था। दिनेश गोयल सहित 8 लोगों पर थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं गाजियाबाद में भी FITJEE के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में पुलिस को 300 से ज्यादा खाते मिले। 60 लाख रुपये तक निजी बैंक में खाजे सीज़ किए गए हैं। अन्य बैंक खातों की डिटेल्स का पुलिस को इंतजार। दिनेश गोयल को बयान के लिए बुलाया गया।

थाना सेक्टर-58 में क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट, क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है जिसकी पुलिस जांच कर रही।

## फैक्टरी की छत पर रखा बॉयलर धमाके के साथ फटा

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के कोतवाली क्षेत्र के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी की छत पर रखा बॉयलर धमाके के साथ फट गया। धमाका होने से छत की टीन और दीवार गिर गई। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी की छत पर बॉयलर मशीन रखी हुई थी। देर रात अचानक बॉयलर फट गया और आग लग गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी।

अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक पानी के टैंकर से आग पर काबू पाया। एसीपी ने बताया मामले में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।



## महाकुंभ भगदड़ पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश और नियम लागू करने की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई तीन फरवरी की वाद सूची के अनुसार चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, महाकुंभ में हुई भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आजप्रचार का आखिरी दिन है। कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने जंगपुरा में कांग्रेस उम्मीदवार फरहद सूरी के समर्थन में डोर-टू-डोर कैंपेन किया।

**भगवान राम की भक्ति का अनूठा संगम**

## जो कुछ भी लिखते हैं, हर अक्षर में समाहित होता है 'राम' नाम

**महाकुंभनगर ( ब्यूरो )।** प्रयागराज में महाकुम्भ के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही भगवान राम की भक्ति का अनुपम संगम भी देखने को मिल रहा है। संगम में पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालु जब बाहर निकलते हैं तो उनकी भेंट राम भक्त विनोद मिश्रा से होती है। भगवान राम के प्रति उनकी भक्ति अद्वितीय है और प्रभु श्री राम के प्रति उनकी श्रद्धा सभी के लिए एक प्रेरणा है।



### हर अक्षर में समाहित 'राम' नाम

राम भक्त विनोद मिश्रा जी की भक्ति की विशेषता यह है कि वे जो कुछ भी लिखते हैं, उसमें हर अक्षर में 'राम' नाम समाहित होता है। उनके पास ऐसी कई पुस्तिकाएं हैं, जिनमें उनकी भक्ति के अमूल्य साक्ष्य अंकित हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हैं। उन्होंने मोदी जी और योगी जी का नाम भी 'राम' के साथ लिखा है। उनकी अटूट भक्ति और समर्पण श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र है।

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910

सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## टूडो की शिकस्त

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये टूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, टूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर टूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह टूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। टूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए'। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि टूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया टूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे टूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार टूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि टूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में टूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा। ऐसे में भारत उन देशों पर आने वाले समय में दबाव बना सकेगा, जो अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देते हैं। खासकर अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारों को इस पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस साल होने वाले आम चुनावों के बाद कनाडा में जो नई सरकार आएगी, उसके साथ भारत के बेहतर संबंध स्थापित हो पाएंगे। निश्चय ही नयी सरकार अतीत की गलतियों से सबक लेकर रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में गंभीर पहल करेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि टूडो के शासनकाल में सबसे निचले स्तर तक पहुंचे भारत-कनाडाई रिश्तों में नई सरकार आने के बाद उम्मीदों के अनुरूप गर्मजोशी लौटेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि फिर भी तुमने इसीलिए वही ( पुरानी ) शंका की है कि इस प्रसंग के कहने-सुनने से सबका कल्याण होगा। जिन्होंने अपने कानों से भगवान की कथा नहीं सुनी, उनके कानों के छिद्र साँप के बिल के समान हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

नयनन्हि संत दरस नहिं देखा। लोचन मोरपंख कर लेखा॥
तेसिर कटु तुंबरि समतूला। जे न नमत हरि गुर पद मूला॥

जिन्होंने अपने नेत्रों से संतों के दर्शन नहीं किए, उनके वे नेत्र मोर के पंखों पर दिखने वाली नकली आँखों की गिनती में हैं। वे सिर कड़वी तूँबी के समान हैं, जो श्री हरि और गुरु के चरणतल पर नहीं झुकते॥

जिन्ह हरिभगति हृदयँ नहिं आनी। जीवत सव समान तेइ प्रानी॥
जो नहिं करइ राम गुन गाना। जीह सो दादुर जीह समाना॥

जिन्होंने भगवान की भक्ति को अपने हृदय में स्थान नहीं दिया, वे प्राणी जीते हुए ही मुर्दे के समान हैं, जो जीभ श्री रामचन्द्रजी के गुणों का गान नहीं करती, वह मेंढक की जीभ के समान है॥

कुलिस कठोर निठुर सोइ छाती। सुनि हरिचरित न जो हरषाती॥
गिरिजा सुनहु राम कै लीला। सुर हित दनुज बिमोहनसीला॥

वह हृदय वज्र के समान कड़ा और निष्ठुर है, जो भगवान के चरित्र सुनकर हर्षित नहीं होता। हे पार्वती! श्री रामचन्द्रजी की लीला सुनो, यह देवताओं का कल्याण करने वाली और दैत्यों को विशेष रूप से मोहित करने वाली है॥

( क्रमशः... )

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।



**वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका।**

जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषत: गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैज़ा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वज़न के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी। विशेषत: बच्चों के बचपन पर इससे गहरे धुंधलके छाने वाले हैं। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी के बच्चों को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा।

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते घातक परिणाम को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार को जागना होगा एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशेषत: अनुकूलित और संवेदनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों का मापन करना जैसे- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये अनुदान प्रदान करना, बच्चों और उनके परिवारों पर जलवायु परिवर्तन द्वारा पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से पीड़ित देशों को बाल अधिकारों पर सम्मेलन में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक बच्चे को गरीबी से संरक्षित किया जा सके, उदाहरण के लिये बच्चों के जीवन को बेहतर और लचीलापन बनाने के लिये सार्वभौमिक बाल लाभयोजनाओ को क्रियान्वित करना होगा। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## बजट 2025 : मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात

हाल ही में पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री ने नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय वालों के लिए आयकर ख़त्म करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। 18 लाख रुपये की आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान अपने पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। पहले, केवल 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को आयकर से छूट थी, लेकिन अब यह सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी व्यक्तियों को 75, 000 रुपये की मानक कटौती का लाभ मिलेगा, जिसका अर्थ है कि 12.75 लाख रुपये तक की आय वालों को कोई आयकर नहीं देना होगा। हालांकि, इस सीमा से अधिक आय वाले किसी भी व्यक्ति पर अभी भी कर लगेगा।

18 लाख रुपये की सालाना आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। ये बदलाव वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो आकलन वर्ष 2026-27 से मेल खाता है। इसके अतिरिक्त, 2025-26 के बजट में अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को मौजूदा दो साल से बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को दोगुना करके 1 लाख रुपये करने की योजना शामिल है। सरकार ने आयकर स्लैब और दरों में संशोधन का भी सुझाव दिया। सीतारमण के अनुसार, नए कर ढांचे में 4 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं होगा, 4 लाख 1 से 8 लाख रुपये के बीच की आय पर 5त्न कर, 8 लाख 1 से 12 लाख रुपये के बीच की आय पर 10त्न कर, 12 लाख 1 से 16 लाख रुपये के बीच की आय पर 15त्न कर, 16 लाख 1 से 20 लाख रुपये के बीच की आय पर 20 प्रतिशत कर, 20 लाख 1 से 24 लाख रुपये के बीच की आय पर 25प्रतिशत कर और 24 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30प्रतिशत कर लगेगा।

***केंद्रीय बजट 2025 ऐसे महत्त्वपूर्ण समय पर आ रहा है, जब भारत की आर्थिक वृद्धि चार वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। अमेरिकी टैरिफ के खतरों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों सहित वैश्विक अनिश्चितताएँ नई चुनौतियाँ पैदा कर रही हैं। जवाब में, बजट ने अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें कर छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर ज़ोर दिया गया है। उल्लेखनीय आयकर कटौती, छूट में वृद्धि और स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए नए प्रोत्साहन शुरू करके, सरकार मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने और लंबे समय में सतत विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद करती है।***

सरकार दरों और सीमाओं की संख्या में कटौती करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रणाली को सरल बनाने की योजना बना रही है, जिससे करदाताओं के लिए यह आसान हो जाएगा। उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेश भेजे गए धन पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की सीमा 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, किराए के भुगतान के लिए टीडीएस सीमा को बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे किराये की आय अर्जित करने वाले लोगों और व्यवसायों को कुछ राहत मिली है। शिक्षा ऋण के संदर्भ में, बजट में कुछ वित्तीय संस्थानों से 10 लाख रुपये तक के ऋण पर टीसीएस को समाप्त करने का सुझाव दिया गया है, जिससे छात्रों और उनके परिवारों को प्रक्रिया को और अधिक सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी। सरकार ने समय-समय पर नागरिकों पर कर का बोझ कम किया है। 2014 के बाद, शून्य कर सीमा को 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2019 में 5 लाख रुपये और फिर 2023 में 7 लाख रुपये कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, नई कर प्रणाली के तहत, 12 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

हालांकि, यह पूंजीगत लाभ और इसी तरह की आय पर लागू नहीं होता है। संशोधित आयकर स्लैब और दरों के लाभों को इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है, 12 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं की कर देयता शून्य हो जाएगी, जिससे उन्हें 80, 000 रुपये की बचत होगी। 16 लाख रुपये की आय वालों को 50, 000 रुपये का लाभ होगा। 18 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं को 70, 000 रुपये की बचत होगी। 20 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्तियों को 90, 000 रुपये का लाभ होगा। 25 लाख रुपये की आय वाले करदाताओं को 1, 10, 000 रुपये का लाभ मिलेगा। 50 लाख रुपये कमाने वालों को भी 1, 10, 000 रुपये का लाभ मिलेगा। 2025-26 के आम बजट में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के लिए न्यूनतम आय सीमा बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर टीडीएस की सीमा 50, 000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी गई है। किराये की आय पर टीडीएस की न्यूनतम आय सीमा 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये सालाना कर दी गई है। इसके अलावा, विदेश में पैसा भेजने के लिए रिजर्व बैंक की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत, अब 6 लाख रुपये के बजाय 10 लाख रुपये से अधिक की राशि पर टीसीएस लागू होगा।

केंद्रीय बजट 2025 ऐसे महत्त्वपूर्ण समय पर आ रहा है, जब भारत की आर्थिक वृद्धि चार वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। अमेरिकी टैरिफ के खतरों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों सहित वैश्विक अनिश्चितताएँ नई चुनौतियाँ पैदा कर रही हैं। जवाब में, बजट ने अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें कर छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर ज़ोर दिया गया है। उल्लेखनीय आयकर कटौती, छूट में वृद्धि और स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए नए प्रोत्साहन शुरू करके, सरकार मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने और लंबे समय में सतत विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद करती है।

**-प्रियंका सौरभ**

## राशिफल

**माघ शुक्ल पक्ष षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अज्ञात भय सताएगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। सर दर्द और नेत्र पीड़ा के कारण मन व्याकुल रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन अस्थिर रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। बाकी प्रेम, संतान, व्यापार सही रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य में भरोसा करके कोई काम नहीं कर सकते हैं। थोड़ा सा बदनामी या अपयश मिल सकता है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान रखें। नौकरी-चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
डिस्टर्बिंग टाइम लेकिन जीत आपकी सुनिश्चित है। कार्यों में अवरोध आएगा लेकिन संपन्न हो जाएगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक दबाव बना रहेगा। अवसादग्रस्त स्थिति रहेगी। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। कुछ बड़ी कलह हो सकती है। ध्यान रखिएगा। शांत होकर चीजों को निपटाएं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम अभी बहुत रिजल्ट नहीं देगा। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पूंजी का निवेश न करें। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का शिकार चल रहा है इस समय। प्रेम और संतान में नकारात्मकता फैली रहेगी।

# भाजपा नेताओं ने 'आम बजट' को बताया जनहितकारी



**भदोही (चेतना मंच)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने इसे जनता के हित में बनाया गया बजट बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि देश की जनता को किसी भी प्रकार की आर्थिक कठिनाई न हो और हर जरूरी सुविधा उन तक आसानी से पहुंचे।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि बजट में 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा, किसानों के लिए 5 लाख रुपये तक के ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा और देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने बजट की सराहना करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट आखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय ने कहा कि यह बजट सबके हित में बनाया गया है और इसमें आम जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित है और इसमें किसी भी वर्ग पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

इस अवसर पर छत्रपति सिंह, गोवर्धन राय, राजेंद्र पाल बघेल, प्रवीण सिंह, शिवम, आकाश, राजबली दुबे, उमाशंकर पाठक सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को आम जनता के लिए लाभकारी और विकासोन्मुखी बताया।

# किसान एकता संघ ने किया संगठन विस्तार
## एनपीसीएल के खिलाफ जल्द होगा आंदोलन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** किसान एकता संघ संगठन की बैठक लढ़पुरा गांव में बाबा हजारी की बैठक पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण बैंसला ने की और संचालन मनीष नागर ने किया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ता एनपीसीएल से प्रभावित गांवों में जा रहे हैं। एनपीसीएल द्वारा किसानों पर बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज कर उन्हें पुलिस के माध्यम से डराया-धमकाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जबरन पुलिस बल के सहारे मीटर लगाए जा रहे हैं और ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हाल ही में खेड़ी भनौता गांव में एक किसान परिवार के साथ एनपीसीएल के कर्मचारियों और पुलिस द्वारा बदसलूकी की गई। किसान एकता संघ इस कृत्य की घोर निंदा करता है। यदि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन एनपीसीएल के सभी कार्यालयों को बंद कराने के लिए आंदोलन करेगा। इस बार लड़ाई आर-पार की होगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने बताया कि आज दर्जनों लोगों ने किसान एकता महासंघ छोड़कर किसान एकता संघ की सदस्यता ग्रहण की। संगठन की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुमित भाटी (मेरठ मंडल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पंकज बैंसला (महासचिव), डॉ. प्रदीप वर्मा (जिला सचिव), सुंदर भाटी (उपाध्यक्ष), मोहित (उपाध्यक्ष), सुमित डाढ़ा (उपाध्यक्ष), मनोज अधाना (उपाध्यक्ष), नितिन शर्मा (जिला सचिव, युवा) शामिल हैं। इसके अलावा, हिमालय, प्रशांत, ईशु, हर्ष भाटी, हेमंत नागर, वैभव नागर, टिंकल नागर, आकाश भाटी, अरुण बिधूड़ी, प्रदीप शर्मा, प्रिंस बैंसला आदि दर्जनों लोगों ने भी संगठन की सदस्यता ली।

इस अवसर पर सतीश कनारसी, वनीश प्रधान, दुर्गेश शर्मा, कृष्ण बैंसला, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, पवन भाटी एडवोकेट सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नोडल शिक्षकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 10 दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण अग्रवाल के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय लुक्सर, विकास क्षेत्र दनकौर, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण दो चरणों में, प्रत्येक 5 दिवस का आयोजित किया गया। इसमें नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा संबंधी तकनीकें, कक्षा प्रबंधन, होम बेस्ड एजुकेशन और टीचिंग-लर्निंग मटेरियल के प्रयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संदर्भदाता वर्तिका शुक्ला और अनिल कुमार (स्पेशल एजुकेटर) रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षित किया।

इस प्रशिक्षण में कुल 83 नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। प्रमुख प्रतिभागियों में प्रवीण शर्मा, बृजेशपाल, संतोष नागर, बलेराम नागर, सतीश पीलवान, अरविंद शर्मा, निरंजन नागर, सरिता यादव, माला बजाज, लता वर्मा, कमलेश यादव, शालिनी गुप्ता, दीप्ति यादव, ममता राजपूत, नवनीत तिवारी, शौकत अली, गजराज रावत, अजीत नागर, अनिल कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे। यह प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को सुलभ और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को व्यावहारिक और शिक्षाप्रद बताया और आश्वस्त किया कि वे दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए इसे अपने शिक्षण कार्य में अपनाएंगे।

# जिला कांग्रेस ने बजट को बताया 'खोखले वादों का पिटारा'

**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने केंद्रीय बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'सरकार बचाने का बजट' करार दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में न किसानों के लिए कोई राहत है, न आम आदमी के लिए कोई योजना, और न ही नौकरीपेशा लोगों के लिए कोई लाभकारी प्रावधान।



दीपक भाटी ने कहा, यह बजट सिर्फ खोखले दिखावे और झूठे वादों का पिटारा है। इसमें की गई घोषणाओं में से अधिकतर कभी धरातल पर नहीं उतरेंगी और आम आदमी को इसका कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अब सपनों की दुनिया से बाहर आकर गिरती अर्थव्यवस्था और महंगाई से जूझ रही आम जनता की परेशानियों पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह बजट देश की मौजूदा आर्थिक चुनौतियों का समाधान देने में पूरी तरह विफल रहा है। सरकार ने इसमें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर कोई ठोस नीति नहीं बनाई, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि वह जनता की बुनियादी जरूरतों और आर्थिक समस्याओं पर गंभीरता से विचार करे और केवल घोषणाएं करने के बजाय वास्तविक समाधान लेकर आए। इस मौके पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आम जनता के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# पतवाड़ी गांव में पीडीए जन पंचायत का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव पतवाड़ी में समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहित यादव के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि जब से भाजपा देश और प्रदेश की सत्ता में आई है, तब से केवल झूठ बोलने का काम कर रही है। आज महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए तरह-तरह के प्रोपेगेंडा चला रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों के लिए देश और प्रदेश को संप्रदाय और जाति के आधार पर बांट रही है। आज पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के साथ अन्याय हो रहा है। सरकार संविधान द्वारा दिए गए उनके अधिकारों को छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव किसान, गरीब, मजदूर, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से बीर सिंह यादव, फकीर चंद नागर, डॉ. महेंद्र नागर, दीपक देवटा, अवनीश भाटी, अक्षय चौधरी, उपदेश नागर, जगबीर नंबरदार, जुगती सिंह, मनोज शर्मा, दीपक प्रधान, हैप्पी पंडित, विपिन सेन, जावेद अंसारी, प्रदीप भाटी, टीटू यादव, सतपाल प्रजापति, संदीप सेन आदि मौजूद रहे।

## हर मोर्चे पर विफल है भाजपा सरकार : सुधीर भाटी

गांव घोड़ी बछेड़ा में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मेहंदी हसन के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता का बुरा हाल है। भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए तरह-तरह के प्रोपेगेंडा अपना रही है। देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर ओर आम जनता का शोषण हो रहा है, और पिछड़ों, दलितों तथा अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक लाभ लेने के लिए देश में लोकतंत्र की हत्या करा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**बसंत पंचमी पर...**

जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई थी।

महाकुंभ डीआइजी वैभव कृष्ण ने बताया कि व्यवस्था बहुत अच्छी है और आज भीड़ नियंत्रण काफी अच्छा है। सभी अखाड़ों का स्नान सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है और समय से पहले ही संपन्न हो रहा है। तीन अखाड़ों का स्नान अभी तक हो चुका है। महानिर्वाणी अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा और जूना अखाड़े ने सफलतापूर्वक स्नान कर लिया है और अन्य अखाड़े भी सफलतापूर्वक स्नान करेंगे।'

**महाकुंभ भगदड़ पर...**

साथ ही अधिवक्ता को इलाहाबाद हाई कोर्ट जाने को कहा है। प्रयागराज में जारी महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में 29 जनवरी को भगदड़ मचने से 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और अनुच्छेद 21 के तहत समानता एवं जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया गया था।

# दीदी की रसोई ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े व भोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा और कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कपड़े और भोजन वितरित किया गया। ट्रस्ट द्वारा अक्षरधाम कॉलोनी, ककराला, सेक्टर-80 में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को निशुल्क कपड़े वितरित किए गए। वहीं, बरौला सेक्टर-49 स्थित शिव मंदिर में जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं समाजसेवी रितु सिन्हा और ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था लगातार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा में जुटी हुई है। संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन भोजन और कपड़े वितरित किए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# बजट से सभी वर्गों को मिली निराशा : सुधीर भाटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने लोकसभा में पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट से महंगाई और बेरोजगारी से राहत की उम्मीद लगाए बैठे सभी वर्गों के लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। बजट में गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। यह बजट केवल दिखावे का है। इसमें अन्नदाताओं को राहत देने या उनकी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है।



दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### जनवरी में जीएसटी संग्रह 195506 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जनवरी 2025 में 195506 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी 2024 में संग्रहित 174106 करोड़ रुपये की तुलना में 12.3 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 171653 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 में संग्रहित 154851 करोड़ रुपये की तुलना में 10.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में कुल रिफंड 23853 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 के रिफंड की तुलना में 23.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में सीजीएसटी 36077 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 44942 करोड़ रुपये, आई जीएसटी 101075 करोड़ रुपये रहा है। इसके अतिरिक्त अभिभार 13412 करोड़ रुपये रहा है।

### भारत ने अमेरिका के लिए इंपोर्ट ड्यूटी को घटाने का किया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से पहले भारत ने अपने ओर से बड़ा कदम उठाया है। आम बजट में कुछ ऐसी घोषणाएं की गई हैं, जिससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की चिंताएं दूर हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह भारत सरकार का प्रयास है कि विदेशी बाजारों के साथ अच्छे संबंधों को बढ़ावा दिया जाए। इम्पोर्ट ड्यूटी में कटौती के मामले में भारत ने मोटरसाइकिलों और कारों पर इंपोर्ट ड्यूटी को घटाने का प्रस्ताव रखा है। मौजूदा 125 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी को 70 करने की बात कही गई है। साथ ही, अन्य चीजों पर भी एक्साइज ड्यूटी में कटौती की गई है। इस पर सरकार के दीर्घकालिक नजरिए से इस इकोनॉमिक मोड़ और अर्थशास्त्रीय परिस्थितियों पर क्या प्रभाव पड़ा, इस क्षेत्र में यह निवेश योजना के खिलाफ अमेरिका की सरकार की चिंताएं कुशलतमक्त कर सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए विभागीय स्तर पर उपाय जल्द ही लेने की उम्मीद है।

### जनवरी में टोयोटा मोटर की वाहन बिक्री 19 फीसदी बढ़कर 29,371 इकाई हुई

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि जनवरी में उसकी बिक्री साल-दर-साल 19 प्रतिशत बढ़कर 29,371 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी माह में कंपनी ने 24,609 इकाइयां भेजी थीं। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 26,178 इकाइयां बेचीं और 3,193 इकाइयां निर्यात कीं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक बयान में कहा कि यह निरंतर गति ग्राहक केन्द्रितता, देश भर में ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और नवोन्मेषी मूल्यवर्धित समाधानों पर बढ़ते जोर पर कंपनी के तीव्र फोकस को रेखांकित करती है। टीकेएम के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025 में हमारा प्रयास भारत में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करना है। हम मूल्यवर्धित सेवाओं और बिक्री के बाद निर्बाध समर्थन के माध्यम से ग्राहक-केंद्रितता को अनुकूलित करना जारी रखेंगे, जिसका उद्देश्य सुखद अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऑटो निमार्ता की उत्पाद रणनीति बहुविध मार्ग दृष्टिकोण के गहन दर्शन से प्रेरित होगी, जो हर किसी को उसकी गतिशीलता आवश्यकताओं के आधार पर कुछ न कुछ प्रदान करने का प्रयास करेगी।

### प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 38 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर के दौरान 38 प्रतिशत घटकर 10,065.7 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि नियामकीय मंजूरी में देरी के कारण वह कम आवासीय परियोजनाएं शुरू कर सकी। बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है। अपनी हालिया निवेशक प्रस्तुति के अनुसार कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ महीनों के दौरान 13,128 रुपये प्रति वर्ग फुट की औसत कीमत पर 80.9 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। बेची गई इकाइयों की संख्या 3,618 थी, जबकि बिक्री मूल्य 10,065.7 करोड़ रुपये और ग्राहकों से संग्रह 8,910.9 करोड़ रुपये था।

# आरबीआई के फैसले का शेयर बाजार पर रहेगा असर

❖ कच्चे तेल की कीमतें और भू-राजनीतिक घटनाएं भी घरेलू बाजारों को कर सकती हैं प्रभावित

एजेंसी

**मुंबई।** बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और जनवरी के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1315.5 अंक (1.7 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 77505.96 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 389.95 अंक (1.7 प्रतिशत) की बढ़ोतरी लेकर 24382.15 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किये जाने की वजह से बाजार में छह दिन कारोबार हुआ। शनिवार को बाजार का विशेष सत्र रखा गया था। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 168.65 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 42884.28 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 7.71 अंक की मामूली गिरावट लेकर 50099.80 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार बीते शनिवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के



पेश किए गए बजट में की गई घोषणाएं विशेष रूप से आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश और कर नीतियों से संबंधित प्रावधान इस सप्ताह बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। साथ ही आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक अगले सप्ताह 05 से 07 फरवरी को होने वाली है। नीतिगत दरों में बदलाव, विशेष रूप से ब्याज दरों में कटौती या तरलता बढ़ाने के उपाय बाजार की चाल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसी तरह जनवरी 2025 के वाहनों की बिक्री का भी बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की चाल, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाएं घरेलू बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर निवेशकों की नजर रहेगी। हाल के महीनों में एफपीआई द्वारा बाजार से बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी देखी गई है। हालांकि, जनवरी सीरीज के अंत में उन्होंने इंडेक्स फ्यूचर्स में अपनी शॉर्ट पोजिशन को कम किया है, जिससे उम्मीद है कि उनकी निकासी की गति धीमी हो सकती है। साथ ही इस सप्ताह डेरिवेटिव्स बाजार के संकेत का भी असर रहेगा। वित्तीय सेवाओं और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उच्च ओपन इंटरेस्ट देखा गया है, जो इन क्षेत्रों में बढ़ी हुई गतिविधि का संकेत देता है। ये दोनों क्षेत्र निफ्टी में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं इसलिए इनकी चाल का बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इन कारकों के आधार पर इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना है।

### हिमाचल प्रदेश: केंद्रीय बजट में आयकर से 1.50 लाख आयकरदाताओं को लाभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 12 लाख रुपये तक की आय में आयकर की छूट से 1.50 लाख आयकरदाताओं को सीधे लाभ मिलेगा। यह नई आयकर सीमा को बढ़ाने से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसमें 80 हजार सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश से 4.20 लाख लोग आयकर भरते हैं, जिसमें से 1.50 लाख ही आयकर देते हैं। आयकर सीमा को बढ़ाने के बाद 40 हजार सरकारी कर्मचारी आयकर मुक्त होंगे। ये आयकर सीमा को बढ़ाने का फोटो पीछे के वर्षों से कर्मचारियों की मांग थी। इस संबंध में सर्व कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मध्यम वर्ग को अवश्य राहत दी गई है। इस नई पहल से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को फायदा होगा और उन्हें आयकर भरने में काफी राहत मिलेगी। इस बजट में हिमाचल की रेल परियोजनाओं को लेकर अलग से कोई बजट नहीं आया है, जिससे कुछ लोगों की उम्मीदें भी टूटी हैं। इसके बावजूद आयकर सीमा में की गई यह बड़ी राहत हर किसी के लिए ऐसी है जिसे कोई भी सोच सकता नहीं था।

# एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का उछाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सालाना आधार पर भारत में 2024 में एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दिखाई दिया। इतना ही नहीं, आईपैड की बिक्री में भी 44 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हुई है। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा जानकारी में बताया गया कि 2024 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल आईफोन की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ना और छोटे शहरों में प्रीमियमाइजेशन का बढ़ता चलन है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी (इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप), प्रभु राम ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2024 में एप्पल के



आईफोन और आईपैड में दोहरे अंक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह स्मार्टफोन में प्रीमियमाइजेशन बढ़ना है। इसके साथ ही एप्पल को घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने और रिटेल सेगमेंट के विस्तार का फायदा मिल रहा है।भारत मध्यम वर्ग तेजी से प्रीमियम डिवाइस की तरफ आकर्षित हो रहा है। इसकी वजह केवल लाइफस्टाइल में बदलाव होना ही नहीं, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी को जल्द अपनाने की आकांक्षा होना भी है। उन्होंने आगे कहा, आईफोन और आईपैड की अपील एप्पल के लिए बाजार वृद्धि का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। वर्ष 2025 और उसके बाद भी वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। भारत में एप्पल के लिए अभी भी शुरूआती दिन हैं। 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एप्पल की एंट्री भारत के शीर्ष पांच मोबाइल ब्रांड में हो गई थी। राम के मुताबिक, आने वाले वर्ष में भारत में एप्पल की वृद्धि मजबूत गति के साथ जारी रहने की उम्मीद है, जो आक्रामक खुदरा विस्तार, टारगेटेड विपणन रणनीतियों और महत्वाकांक्षी भारतीय बाजार में गहरी पैठ से प्रेरित है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में एप्पल के लेटेस्ट के साथ पुराने मॉडल्स की मजबूत मांग बनी हुई है। वॉल्यूम के हिसाब से कंपनी का मार्केट शेयर करीब 10 प्रतिशत पर पहुंच गया था।

# होंडा इंडिया लिमिटेड सिटी और एलिवेट की कीमतों में बढ़ोत्तरी करेगी

एजेंसी

**मुंबई।** होंडा कार इंडिया लिमिटेड ने नई अमेजन की लॉचिंग के साथ अपने सब 4 मीटर गाड़ियों के पोर्टफोलियो में सुधार किया है। ऑटोमेकर्स की होंडा सिटी और एलिवेट भी बाजार में अच्छी पकड़ बनाए हुए है। लेकिन नए साल 2025 में जापानी ऑटोमेकर्स अपनी कारों की कीमत में बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। होंडा अपनी कारों की कीमत 20 हजार रुपये तक बढ़ाने वाली है। होंडा सिटी मैनुअल, ऑटोमेटिक और हाईब्रिड इन तीन ट्रांसमिशन के साथ बाजार में शामिल है। होंडा सिटी के मैनुअल वेरिएंट में आठ वेरिएंट




बाजार में हैं, इसमें 20 हजार रुपये का इजाफा हुआ है। इस कार के बेस मॉडल एसवी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं हाईब्रिड के तीन मॉडल मार्केट में हैं, जिसमें केवल जेडएक्स वेरिएंट 20 हजार रुपये महंगा हुआ है। ये इस कार का टॉप वेरिएंट भी है। होंडा सिटी की एक्स-शोरूम प्राइस 11.82 लाख रुपये से शुरू होकर 20.75 लाख रुपये तक जाती है। होंडा एलिवेट मैनुअल और ऑटोमेटिक दो ट्रांसमिशन में इंडियन मार्केट में शामिल है।

# कहीं महंगा तो कहीं सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में एक बार फिर से क्रूड ऑयल की कीमतों में रविवार को गिरावट दर्ज की गई। इसी के साथ देश के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल के भाव में बदलाव देखा गया। हालांकि देश के चार प्रमुख महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में से तीन में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। वहीं वैश्विक बाजार में 2 फरवरी को डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 0.20 डॉलर गिरकर 72.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई जबकि ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इस दौरान आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता होकर 109.64 और डीजल 10 पैसे गिरकर 97.47 रुपये प्रति लीटर पर आ गया, जबकि अरुणाचल प्रदेश में तेल का भाव क्रमशः 28-26 पैसे टूटकर 90.67-80.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। केरल में पेट्रोल की कीमत 18 पैसे टूटकर 107.30 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल का भाव 30 पैसे गिरकर 96.18 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मणिपुर में पेट्रोल 6 पैसे सस्ता होकर 99.15 और डीजल 5 पैसे गिरकर 85.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# अगले सप्ताह 5 आईपीओ की लॉन्चिंग, 2 कंपनियों के शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान पांच कंपनियों के आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। आईपीओ लॉन्च करने वाली पांचों कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। मेनबोर्ड सेगमेंट में इस सप्ताह कोई नया पब्लिक इश्यू नहीं आने वाला है। इसके अलावा इस सप्ताह दो कंपनियों के शेयरों की स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग होने वाली है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 4 फरवरी को चामुंडा इलेक्ट्रिकल्स का 14.60 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 47 से 50 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में 3,000 शेयर के लॉट में बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 11 फरवरी को एनएसई के




एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अगले दिन 5 फरवरी को केन इंटरप्राइजेज का 83.65 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 7 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 रुपये प्रति शेयर का प्राइस तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में 1,200 शेयर के लॉट में बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 12 फरवरी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी दिन एमविल हेल्थकेयर का 59.98 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 7 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 105 से 111 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में 1,200 शेयर के लॉट में बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 12 फरवरी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अगले दिन गुरुवार 6 फरवरी को रेडी मिक्स कंस्ट्रक्शन का 37.66 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 10 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 121 से 123 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में 1,000 शेयर के लॉट में बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 13 फरवरी को एनएसई के

### प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 38 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर के दौरान 38 प्रतिशत घटकर 10,065.7 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि नियामकीय मंजूरी में देरी के कारण वह कम आवासीय परियोजनाएं शुरू कर सकी। बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है। अपनी हालिया निवेशक प्रस्तुति के अनुसार कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ महीनों के दौरान 13,128 रुपये प्रति वर्ग फुट की औसत कीमत पर 80.9 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। बेची गई इकाइयों की संख्या 3,618 थी, जबकि बिक्री मूल्य 10,065.7 करोड़ रुपये और ग्राहकों से संग्रह 8,910.9 करोड़ रुपये था।

# बुकिंग्स शुरू, 25 हजार का टोकन अमाउंट देकर बुक करें ई-विटारा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बीते दिनों ऑटो एक्सपो में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार पेश की थी। तभी कंपनी ने मारुति सुजुकी ई-विटारा से पर्दा उठाया था। इसके बाद से ही ग्राहकों को इसके लांच का इंतजार है। लेकिन इस कार की अधिकारिक बुकिंग्स शुरू हो चुकी है। 25,000 रुपये का टोकन अमाउंट देकर आप अपनी कार यूनिट बुक कर सकते हैं। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अब इसका लांच करीब है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इस कार की कीमत की घोषणा नहीं की है। ई विटारा के लांच के बाद हमें सेम प्लेटफॉर्म पर टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार की लॉन्चिंग भी देखने को मिलेगी जिसका नाम अर्बन क्रूजर ईवी होगा। ग्रैंड विटारा के समान, ई विटारा के तीन वेरिएंट पेश किए जा सकते हैं डेल्टा, जेटा और अल्फा है। बेस वेरिएंट में 49-किलोवॉट बैटरी पैक मिल सकता है, जबकि टॉप वेरिएंट 61-किलोवाट बैटरी पैक से लैस होगा। बड़े बैटरी पैक के साथ दावा की गई रेंज 500 किमी है। ई विटारा के हाइ एंड बैटरी पैक में 120 लिथियम-आयन आधारित सेल शामिल हैं।

### गर्व की बात, भारत में बनी जिम्नी 5 डोर जापान में हुई लांच

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी जिम्नी 5 डोर इंडिया की दूसरी कार बन गई है, जो कि जापान में लांच हुई है। इसके पहले मारुति सुजुकी फ्रोंक्स को भी जापान में लांच किया गया था। खास बात ये है कि ये दोनों कारें मेड इन इंडिया है। यानी इनकी मैन्युफैक्चरिंग भारत में की गई है और बाद में इन्हें एक्पोर्ट करके जापान के बाजार में भेजा गया है। इसके पहले अभी तक जापान में इस सब-कॉम्पैक्ट ऑफ रोडर की 3 डोर वर्जन की ही ब्रिकी होती थी। अब जापान में भी अब 5 डोर मॉडल लांच होने के बाद वहां के बाजार में भी 5 डोर मॉडल सेल होगा। मेड इन इंडिया कारों का जापान जैसे बड़े और विकसित बाजार में लांच होना भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज में हिंदी का समर्थन

एजेंसी

**रांची।** सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज नैचुरल लैंग्वेज अंडरस्टैंडिंग के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है, जिससे रोजमर्रा के काम पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गए हैं। अब उपभोक्ता साधारण बातचीत की तरह सवाल पूछ सकते हैं और सैमसंग गैलरी में कोई खास फोटो ढूंढ सकते हैं या फिर सेटिंग्स में जाकर डिस्प्ले फॉन्ट का आकार बदल सकते हैं। इसके अलावा, वे गूगल जेमिनी को एक्टिव कर सकते हैं और साइड बटन दबाकर सैमसंग व गूगल ऐप्स के साथ-साथ स्?पोटिफाई जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स का भी सहज इस्तेमाल कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के



प्रेसिडेंट और एमएक्स बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने बताया कि भारत में गैलेक्सी एस25 के उपभोक्ताओं के लिए गूगल जेमिनी लाइव शुरूआत से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह सैमसंग के लिए भारतीय बाजार के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में लॉन्च किया जाएगा। गैलेक्सी एस25 के साथ शुरूआत में इन तीन भाषाओं में यह सुविधा दी जा रही है और भविष्य में इसे अन्य भाषाओं में भी विस्तारित किया जाएगा, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतर अनुभव मिलेगा। गूगल जेमिनी के साथ उपयोगकर्ता अपने गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन पर सैमसंग कैलेंडर, नोट्स, रिमाइंडर और घड़ी जैसी सैमसंग ऐप्स के अंदर भी कई कार्य कर सकते हैं। यह नया फीचर उपभोक्ताओं के लिए स्मार्टफोन के इस्तेमाल को पहले से अधिक सुविधाजनक और उन्नत बना देगा।

# तेल-तिलहन बाजार गिरावट के साथ बंद

**सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव से सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम बजट में चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि इस गिरावट का मुख्य कारण सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव है, जिसने सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया। किसानों की सचेती और सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम भी गिरावट के साथ बंद हो गए। इसके अलावा, बिनौला खल के दाम टूटने और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य की



खरीद लागत से कम दाम पर बिनौला सीड की बिक्री करने से बाकी सभी देशी खल और डीओसी पर दबाव बढ़ गया है। । बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 175 रुपये गिरावट के साथ 6,050-6,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के हानि के साथ क्रमशः 2,240-2,340 रुपये और 2,240-2,365 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 50-50 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,225-4,275 रुपये और 3,925-4,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 50 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 13,200 रुपये, 13,000 रुपये और 9,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव भी 375 रुपये की गिरावट के साथ 5,300-5,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव भी क्रमशः 150 रुपये और 25 रुपये की गिरावट के साथ 13,950 रुपये और 2,115-2,415 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये टूटकर 12,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# टॉप 10 में शामिल 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.83 करोड़ का इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, वहीं 3 के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। मुनाफे में रहने वाली कंपनियों में हिन्दुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा फायदे में रही। फायदा कमाने वाली 7 कंपनियों के मार्केट कैप में पूरे सप्ताह के कारोबार के बादव कुल 1,83,322.54 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाली 3 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 48,923.23 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ।

**सबसे अधिक फायदे में रही एचयूएल**

इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), हिन्दुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल और इंफोसिस के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 1,315.5 अंक यानी 1.72 प्रतिशत चढ़ गया।

## खास खबर

### कश्मीर में ऊंची इमारतों के निर्माण का विरोध

**श्रीनगर** । जम्मू कश्मीर देश का सबसे उच्च भूकंप जोखिम वाला क्षेत्र है। राज्य सरकार पांच मंजिल तक का भवन बनाने की अनुमति देने का संशोधन करने जा रही है। इसका जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। अभी जम्मू कश्मीर में तीन मंजिल से ज्यादा कोई भवन नहीं बनाया जा सकता है। नेशनल कांफ्रेंस की सरकार इस नियम को बदलने की तैयारी कर रही है।सरकार ने फ्लोर एरिया रेशियो पर लगी प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है। इसका बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। कश्मीर घाटी के पर्यावरण विद्, वास्तुकार,सामाजिक संस्थाएं, विपक्ष सभी इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वालों का कहना है, कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ज्यादा भार वहन करने के लायक नहीं है। सरकार इस प्रस्ताव को रद्द करे।घाटी में यदि पांच मंजिला भवनों का निर्माण होगा, तो घाटी में तबाही आ सकती है।

### दिल्ली से मंगलुरु के बीच डेली हवाई सेवा शुरू

**नई दिल्ली**। कर्नाटक में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) और दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दैनिक सीधी उड़ान सेवा शुरू की है। एमआईए के प्रवक्ता की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक पहली उड़ान एक फरवरी सुबह 6.40 मिनट पर मंगलुरु से रवाना हुई और सुबह 9.35 मिनट पर दिल्ली पहुंची। इसके साथ ही एक उड़ान सुबह 6.40 मिनट पर दिल्ली से रवाना होकर 9.35 मिनट पर मंगलुरु पहुंची। मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरोड्रोम बचाव एवं अग्निशमन इकाई ने पहली उड़ान के यहां पहुंचने पर पानी की बौछारों से उसका स्वागत किया। पहली उड़ान से 167 यात्री दिल्ली आए, जबकि 144 यात्री दिल्ली से मंगलुरु पहुंचे।

### खैबर पख्तूनखा में आतंकी हमले में 5 की मौत

**पेशावर**। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकियों ने पैरामिलिट्री फोर्सेस के वाहन को निशाना बनाया, जिसमें 4 सुरक्षाकर्मी और 1 आम नागरिक की मौत हो गई। यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले के दारबान तहसील में हुआ, जो अफगानिस्तान से सटे दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा के करीब स्थित है। पुलिस के अनुसार, करिजात लेवीज बल के जवान एक चोरी हुए ट्रक की बरामदगी के लिए जा रहे थे, तभी आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।इससे पहले शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया था, जिसमें कम से कम 18 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी सेना के अनुसार, इस मुठभेड़ में 12 आतंकवादी भी मारे गए थे। पिछले 48 घंटों में बलूचिस्तान में कुल 23 आतंकियों को ढेर किया गया है।

### नेतन्याहू ने ऐयाल जामिर को बनाया सेना प्रमुख

**तेल अवीव**। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टॉफ के लिए रिटायर्ड मेजर जनरल ऐयाल जामिर को चुना है। ऐयाल जामिर लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी की जगह लेंगे। जामिर आईडीएफ के 24वें बन गए हैं, वे 6 मार्च को पद संभालेंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हलेवी ने हमास का हमला रोकने में नाकाम रहने की वजह से पिछले महीने इस्तीफा दिया था। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक इजराइल हमास के बीच सीजफायर समझौते के बाद हलेवी का पद छोड़ना पहले से ही तय माना जा रहा था। हलेवी ने जामिर को बधाई देते हुए कहा, मैं ऐयाल को कई वर्षों से जानता हूं, और मुझे पूरा भरोसा है कि वह आईडीएफ को आने वाली चुनौतियों के लिए मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। मैं उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# गहरी खाई में गिरी बस, 5 यात्रियों की मौत

- धार्मिक यात्रा के लिए निकले थे यात्री
- बस में मध्यप्रदेश के 48 यात्री थे सवार




एजेंसी

**आहवा**। डांग जिले के सापुतारा घाटी में रविवार तड़के भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 35 लोग घायल हो गए। नासिक की ओर से आ रही बस डांग-आहवा जिले के सापुतारा से ढाई किलोमीटर दूर मालेगाम फॉरेस्ट गेस्टहाउस के सामने 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। बस में मध्यप्रदेश के 48 तीर्थयात्री सवार थे जो विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए निकले थे। जानकारी के अनुसार सापुतारा के समीप निजी बस 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 2 महिला और 3 पुरुषों की मौत हो गई। मृतकों में रतनलाल जाटव (ड्राइवर), भोलाराम कोसवा, बीजरोनी यादव (पप्पू), गुड्डी राजेश यादव, कैलाशबाई बिरपाल यादव के नाम शामिल है। वहीं, 35 घायलों में कुछ को गंभीर चोट लगी है। घायल एक व्यक्ति को रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों को समीप के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद जिला प्रशासन की ओर से सतर्कता बरतते हुए खाई में भी खोजबीन शुरू की गई।

जानकारी के अनुसार सभी यात्री धार्मिक प्रवास के लिए 23 दिसंबर को मध्यप्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिले से चार निजी बसों के जरिए उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के धार्मिक स्थलों की ओर रवाना हुए थे। इनमें से एक बस रविवार सुबह हादसे का शिकार हो गई। हादसे में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## आप कार्यकर्ताओं से मारपीट करने वालों की जल्द हो गिरफ्तारी : केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने दिल्ली पुलिस और बीजेपी कार्यकताओं पर नई दिल्ली विधानसभा के आप कार्यकताओं से मारपीट का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने आप कार्यकताओं की सुरक्षा की मांग की है।

केजरीवाल ने पत्र में लिखा कि आप कार्यकताओं पर हमला करने वाले बीजेपी कार्यकताओं की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही आप कार्यकताओं को टारगेट करने वाले दिल्ली पुलिस अधिकारियों को पद से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हिंसा और भय के आगे नहीं झुक सकता है। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए। नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाए। चुनाव आयोग को आप कार्यकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसी घटनाओं में शामिल पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। हमलों के लिए जिम्मेदार बीजेपी कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जाए। बता दें दिल्ली में 70 सीटों पर 5 फरवरी को मतदान होना और 8 फरवरी को परिणाम आएंगे। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

# गोमा शहर की हिंसा में 800 लोगों की मौत

**दवाओं का स्टॉक खत्म, शिविरों में रह रहे लोगों को नहीं मिल रही सहायता**



एजेंसी

**गोमा**। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो (डीआरसी) के गोमा शहर में पिछले एक हफ्ते से जारी हिंसा से नरसंहार जैसी स्थिति पैदा हो गई है। शहर और इसके आस-पास के इलाकों में विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण संघर्ष जारी है, जिसमें अब तक 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि गोमा के अस्पतालों के शवगृह में 773 शव रखे हुए हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। यह संघर्ष मुख्य रूप से एम23 विद्रोहियों और डीआरसी की सेना एफएआरडीसी के बीच हो रहा है। एम23 ग्रुप ने पिछले हफ्ते गोमा शहर पर कब्जा कर लिया था। इस विद्रोही गुट को रवांडा का समर्थन मिला हुआ है, जिसमें हथियारों, रसद और सैनिकों की मदद मिल रही है। इन संघर्षों में अब तक 2,880 लोग घायल हुए हैं। विद्रोहियों के हमले के बाद गोमा में पानी, बिजली और अन्य जरुरी सेवाओं को बहाल करने का वादा किया गया था, जिसके बाद 1 फरवरी को सैकड़ों लोग शहर लौट आए हैं। हालांकि, उन्होंने मलबे और खून से सनी जमीन को साफ करने की कोशिश की। इस भीषण संघर्ष के बीच, मानवीय संगठन गोमा में राहत कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें इस काम में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है और कुछ विस्थापन शिविरों में सहायता देना भी बंद कर दिया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने कर्मचारियों को क्षेत्र से निकाल लिया है और फिलहाल राहत कार्यों को रोक दिया है। एम23 विद्रोहियों के बारे में रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस समूह को करीब चार हजार रवांडा सैनिकों का समर्थन मिला हुआ है। विद्रोहियों के खिलाफ संघर्ष को और बढ़ावा देने के लिए रवांडा से हथियार, पैसा और अन्य मदद दी जा रही है। इस संघर्ष की शुरूआत 2012 में हुई थी जब नेशनल कांग्रेस फॉर द डिफेंस ऑफ द पीपल (सीएनडीपी) और डीआरसी सरकार के बीच एक समझौता हुआ था। सीएनडीपी के सैनिकों को सरकार की सेना में शामिल किया जाना था, लेकिन सरकार ने इस समझौते का पालन नहीं किया।

## बीजापुर में 25 किग्रा का आईईडी बरामद

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित उसूर-आवापल्ली मार्ग पर उसूर से 3 किमी की दूरी पर धान मंडी के पास नक्सलियों द्वारा सड़क के बीचों-बीच प्लास्टिक कन्टेनर में लगाए गए 25 किग्रा. वजनी आईईडी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 196 केरिपु के बीडीएस टीम के द्वारा 25 किग्रा. वजनी आईईडी को जेसीबी की मदद से बाहर निकालकर, सुरक्षित तरीके से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने आईईडी बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार को उसूर-आवापल्ली मुख्य मार्ग पर उसूर से 3 किलोमीटर की दूरी पर धान मंडी के पास सड़क पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 25 किलो के आईईडी को बीडीएस टीम ने खोजकर नष्ट कर दिया।

## नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 17 अप्रैल को



एजेंसी

**मुंबई**। पिछले 70 वर्षों में मुंबई की आबादी 10 गुना बढ़ गई है, लेकिन हवाई अड्डा वही बना हुआ है। लेकिन अब नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) से उड़ान सेवाएं मई में शुरू होने वाली है। इससे मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भार कम हो जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के अनुसार नए एयरपोर्ट का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। लेकिन विमान सेवा मई में शुरू होगी। शुरूआत में केवल टी-1 टर्मिनल और एक रनवे से काम शुरू होगा। अन्य सुविधाएं भी चरणबद्ध तरीके से खोली जाएंगी। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के खुलने के बाद, मुंबई हवाई अड्डे के टी 1 और टी 2 टर्मिनल से संचालित कुछ उड़ानों को नए हवाई अड्डे पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यहां वाणिज्यिक उड़ानें मई के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि पहले कुछ महीनों में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2 से 3 करोड़ यात्री आ सकते हैं। मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 2024 में 5.5 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा। मई से नवी मुंबई हवाई अड्डे से लगभग 1.1 करोड़ यात्री यात्रा करेंगे। मुंबई हवाई अड्डे का टी1 टर्मिनल पुनर्निर्माण के लिए अक्टूबर 2025 से बंद कर दिया जाएगा।

## आईएसआईएस के ठिकानों पर अमेरिका का हवाई हमला, कई आतंकी मारे गए

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिकी सेना ने सोमालिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए हैं। यह जानकारी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर दी है। ट्रंप ने शनिवार सुबह आईएसआईएस के वरिष्ठ हमलावर और उसके द्वारा सोमालिया में भर्ती किए आतंकवादियों पर सैन्य हमले का आदेश दिया था। ये आतंकवादी गुफाओं में छिपे थे, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन पर सटीक हमला किया। ट्रंप ने कहा कि ये आतंकवादी अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए खतरा बने हुए थे। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि ये हत्यारे, जिन्हें हमने गुफाओं में छिपे हुए पाया, संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा थे। हमलों ने उन गुफाओं को नष्ट कर दिया गया है, जिनमें वे रहते हैं और बिना नागरिकों को नुकसान पहुंचाए कई आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सेना ने सालों से आईएसआईएस हमले के योजनाकार को निशाना बनाया है, लेकिन बाइडेन और उनके साथी काम को पूरा करने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर पाए। यह काम मैंने कर दिखाया। बता दें ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से मध्य पूर्व से लेकर सोमालिया तक आतंकवाद और स्टेट फंडेड लड़ाकू गुटों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपना रहे हैं।

## जलता विमान मकानों पर गिरा

**वॉशिंगटन**। अमेरिका के पेंसिलवेनिया राज्य के फिलाडेल्फिया में शनिवार सुबह एक छोटा मेडिकल विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। फिलाडेल्फिया से मिसौरी जा रहे प्लेन में 6 लोग सवार थे। इनमें दो डॉक्टर, दो पायलट, एक मरीज और एक फैमिली मेंबर शामिल था। हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की आशंका है। विमान में सवार सभी लोग मेक्सिको के थे। विमान कंपनी जेट रेस्क्यू के प्रवक्ता शाई गोल्ड ने बताया कि बच्चे को फिलाडेल्फिया में इलाज के बाद घर ले जाया जा रहा था। अभी तक हादसे की वजह सामने नहीं आई है।

# सूडान में आरएसएफ का बाजार पर हमला, 56 की मौत

- दो साल से जारी संघर्ष में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे गए



एजेंसी

**खार्तूम**। सूडान में सेना के खिलाफ लड़ रहे अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने शनिवार को ओमडुरमैन शहर में सब्जी बाजार में आम लोगों पर हमला कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसमें कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई है, और कम से कम 158 लोग घायल हो गए हैं। वहीं सूडान के संस्कृति मंत्री और सरकार के प्रवक्ता ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमले में निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन बताया। सूडान में दो साल में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सूडान में करीब दो साल से सेना और अर्धसैनिक बल के बीच संघर्ष जारी है। यह संघर्ष अप्रैल 2023 में तब शुरू हुआ था, जब सेना और आरएसएफ के लीडर्स के बीच सत्ता संघर्ष की लड़ाई छिड़ गई थी। सूडान के डॉक्टर सिंडिकेट ने आरएसएफ के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि एक गोला अस्पताल से कुछ मीटर की दूरी पर गिरा। अस्पताल में ज्यादातर घायल महिला और बच्चे आए हैं। इनके इलाज के लिए पर्याप्त डॉक्टर और नर्स नहीं हैं। बता दें सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। 2019 में सूडान के तब के राष्ट्रपति ओमर अल-बशीर को सत्ता से हटाने के लिए लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे। अप्रैल 2019 में सेना ने राष्ट्रपति को हटाकर देश में तख्तापलट कर दिया। लेकिन फिर लोग लोकतांत्रिक शासन और सरकार में अपनी भूमिका की मांग करने लगे। इसके बाद सूडान में एक जॉइंट सरकार को गठन हुआ, जिसमें देश के नागरिक और मिलिट्री दोनों का रोल था।

# भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100 साल



डॉ जयदीप गुप्ता (अपर सदस्य, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन,रेलवे बोर्ड)



**पहिए** के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं। हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरूआत की। बिजली से चलने वाले इंजनों ने बहुत कम समय में अपनी उपयोगिता साबित करने में सफलता हासिल कर ली। ये इंजन अधिक ताकतवर, तेज और कुशल थे। कम रखरखाव के साथ ये प्रदूषण रहित थे एवं भारी-भरकम ट्रेनों को तीव्र ढलानों पर आसानी से खींच सकते थे। आरंभिक दिनों में विद्युतीकरण की लागत अधिक थी, लेकिन शहरी यातायात और मुंबई जैसे महानगरों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई।

20वीं शताब्दी के शुरूआती वर्षों में मुंबई की तेजी से बढ़ती जनसंख्या के लिए यातायात के लिए एक प्रभावी और कुशल समाधान खोजना आवश्यक हो गया था। भाप इंजन पुणे और नासिक की ओर जाने वाले तीव्र ढलानों को संभालने में असमर्थ थे। इससे विद्युतीकरण की आवश्यकता और बढ़ गई। 1904 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी सरकार के मुख्य अभियंता डब्ल्यू.एच. व्हाइट ने मुंबई में दो प्रमुख रेल नेटवर्क- ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे और बॉम्बे बड़ौदा एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे को विद्युतीकृत करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि प्रथम विश्व युद्ध की वजह से इस परियोजना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन 1920 तक बॉम्बे-पुणे, इगतपुरी और वसई लाइनों के विद्युतीकरण की योजनाओं को मंजूरी मिल गई।

3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की। यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरूआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जिसने इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं।

मुंबई के साथ-साथ दक्षिण भारत ने भी विद्युतीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए। साउथ इंडियन रेलवे , जो दक्षिण भारत में प्रमुख रेलवे नेटवर्क, उसने अपने उपनगरीय नेटवर्क को 1500 वोल्ट डीसी सिस्टम पर विद्युतीकृत किया। मद्रास बीच (अब चेन्नई) से ताम्बरम तक की लाइन को 1931 तक पूरा कर लिया गया।

### नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 केवी एसी प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया

इसी समय फ्रांस की एसएनसीएफ ने 25,000 वोल्ट अउ सिस्टम विकसित की, जिसे शुरू में संदेह की दृष्टि से देखा गया। 1959 में राजखरसावन-डांगोपोसी खंड पर इस सिस्टम का सफल परीक्षण हुआ। नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 'श अउ प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया, जिससे भारत ऐसा करने वाला सोवियत संघ के बाद दूसरा देश बना। स्वच्छ परिवहन की ओर एक सशक्त कदम: रेल विद्युतीकरण का राष्ट्र पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। यह परिवहन को स्वच्छ और हरित माध्यम प्रदान करता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। बेहतर ढुलाई क्षमता और लाइन हॉल लागत में सुधार के साथ, यह रेल नेटवर्क को और अधिक कुशल एवं किफायती बनाता है। इसके अलावा, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर यह सतत विकास में योगदान देता है। कच्चे तेल पर निर्भरता घटने से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत भी सुनिश्चित होती है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होती है।

## दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चलाया जनसंपर्क अभियान



एजेंसी

**नई दिल्ली**। विधानसभा चुनाव के निमित नई दिल्ली के आदर्शनगर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भी साथ रहे। इस जनसंपर्क और संवाद में परिवारजनों से कहा कि अअढ-दा ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को 50 साल पीछे धकेल दिया है आज आप पार्टी करप्शन से घिरी हुई पार्टी हो गई है शराब घोटाला , शिक्षा में घोटाला, स्वास्थ्य में घोटाला श्री सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें दिल्ली के विकास मोदी की गारंटी है आज पूरा देश मोदी की गारंटी पर विश्वास रखता है इसलिए दिल्ली को आगे ले जाने के लिए भाजपा की सरकार बनाएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें ' देश के साथ चलें, मोदी के साथ चलें।

## मां विंध्यवासिनी के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मीरजापुर**। रविवार को मां विंध्यवासिनी के दरबार में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाया। सुबह मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। गंगा स्नान कर आए श्रद्धालुओं ने अखाड़ा घाट, गुदारा घाट, पक्का घाट और दीवान घाट से मां विंध्यवासिनी के मंदिर की ओर रुख किया। हाथों में नारियल, चुनरी, माला, फूल और प्रसाद लिए भक्तों की लंबी कतारें परिक्रमा पथ पर नजर आईं। भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए मां के दर्शन के लिए उत्सुक दिखे। दिनभर मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रही।

## युद्ध को लेकर अमेरिका-रुस बातचीत से यूक्रेन को बाहर रखना खतरनाक: जेलेंस्की



एजेंसी

**कीव**। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि संघर्ष को लेकर अमेरिका और रूस के बीच वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना हानिकारक होगा। जेलेंस्की ने साथ ही संघर्ष विराम की योजना तैयार करने के लिए कीव और वाशिंगटन के बीच बातचीत की मांग की। जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूस संघर्ष विराम वार्ता में शामिल नहीं होना चाहता या किसी भी तरह की राहत देने पर चर्चा नहीं करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के खिलाफ ऊर्जा और बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देते हैं तो पुतिन बातचीत के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये सबसे महत्वपूर्ण कदम है। जेलेंस्की की टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के बाद आई जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी और रूसी अधिकारी युद्ध को खत्म करने को लेकर पहले से ही बात कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने रूस के साथ अहम बातचीत की है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। जेलेंस्की ने कहा कि उनके अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में बात करना, यह सभी के लिए हानिकारक हो सकता है।

खास खबर

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु

**भोपाल।** अनेक सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करने में सक्रिय, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप चंद्रप्रभु द्वारा आयोजित डे नाइट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारभ भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । ग्रुप अध्यक्ष विशाल जैन क्रिकेटर, सचिव प्रियेश जैन ने बताया कि, मुख्य अतिथि भाजपा नेता राहुल कोठारी, रविन्द्र यति जिलाध्यक्ष , पूर्व आईएएस कविंद्र कियावत, मिसेज यूनिवर्स अमृता त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने कहा - खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए, जीत हार अपनी जगह है। अध्यक्ष रविंद्र यति ने भोपाल में खेल को प्रोत्साहन देने की बात कही। मिसेज यूनिवर्स अमृता त्रिपाठी ने चंद्रप्रभु ग्रुप के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा भोपाल की बेटी होने के कारण मुझे गर्व है, हमारे भोपाल की महिलाएं क्रिकेट में भी सक्रिय हैं। संयोजक अमित जैन कलश ने बताया 11 लीग मैच में 9 मेंस और 2 वूमेंस के मैच हुए। इस अवसर पर ध्रुव नारायण सिंह बीबीसीएल अध्यक्ष, ए सी पी अक्षय चौधरी, डिप्टी कमिश्नर पचांयत सुधीर जैन, राजीव राजन राव (भूतानी इंफ्रा के अध्यक्ष) वात्स्यायन जैन, सोनू भाभा पूर्व पार्षद, जितेंद्र जैन, जे के स्टोन एड फेम के संचालक मालिक अंकुर जैन बड़कुर सहित समाज के लोग मौजूद थे ।

## सब जूनियर बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता 12 से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 फरवरी से होगा। 15 फरवरी तक चलने वाले इस प्रतियोगिता को स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में कराने का फैसला किया गया है। इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस संबंध में खेल निदेशक आर.पी सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश की टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। जिला और मंडल स्तर पर ट्रायल्स के बाद चयनित खिलाड़ियों को इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि लखनऊ में जिला स्तर पर महिला खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया छह फरवरी को अपराह्न तीन बजे के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। वहीं मंडल स्तरीय खेल चयन प्रक्रिया सात फरवरी को पूरी की जाएगी। विभिन्न भार वर्ग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2011 से 31 दिसम्बर 2012 के मध्य होना चाहिए। अपने साथ खिलाड़ी को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की छाया प्रति लाना अनिवार्य है।

## मोहम्मद शमी ने साहा को संन्यास पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को उनके शानदार क्रिकेट करियर में अमिट छाप छोड़ने के लिए बधाई दी है। साहा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह सचमुच एक शानदार पल है जब मोहम्मद शमी जैसे बड़े क्रिकेट खिलाड़ी ने रिद्धिमान साहा को उनके करियर के अंत पर बधाई दी। साहा ने भारतीय क्रिकेट को काफी योगदान दिया है, खासकर उनकी विकेट कीपिंग में शानदार क्षमता और बल्लेबाजी के मामले में भी। उनका संन्यास एक युग के खत्म होने जैसा है। साहा ने न केवल राष्ट्रीय टीम बल्कि रणजी ट्रॉफी में भी अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनका रिकॉर्ड, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने जिस तरह से अपने करियर को संजोया और क्रिकेट के सभी प्रारूपों में योगदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। साहा का आईपीएल में भी शानदार करियर रहा है, जिसमें उन्होंने कई टीमों के साथ खेला और उन्हें कई यादगार क्षणों का हिस्सा बनने का अवसर मिला। अब जब उन्होंने संन्यास लेने का निर्णय लिया है, तो क्रिकेट जगत उन्हें हमेशा याद रखेगा। शमी ने इस अवसर पर कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं।

### भारत ने लगातार दूसरी बार जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब

# दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम को 9 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 2023 में हुई थी। पहले ही संस्करण में भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब दो साल बाद दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की है। कुआलालंपुर के बयूमास ओवल में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला



अंडर 19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे भारतीय महिला अंडर 19 टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम की जीत में गोंगाडी तृषा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिए, फिर बल्ले से नाबाद 44 रन भी बनाए। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अच्छी शुरूआत की और चार ओवर में टीम का स्कोर 36 रन पहुंचा दिया। पांचवें ओवर में जी कमलिनी के रूप में भारतीय टीम को पहला झटका लगा। कमलिनी 8 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भारतीय टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा और लक्ष्य को 11.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। गोंगाडी तृषा 33 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 44 रन और सानिका चाके 22 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र विकेट कायला रेनेके ने लिया। इससे पहले फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसे दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा।

## आशी चौकसे ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी

**देहरादून।** मध्य प्रदेश की निशानेबाज आशी चौकसे ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज की त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस महिला स्पर्धा में 598 के ?असाधारण स्कोर के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2023 आईएसएसएफ राष्ट्रीय चैंपियनशिप (भारत) में सिफ्ट कौर समरा द्वारा बनाए गए 594 के रिकॉर्ड को तोड़ा।

आशी ने इस असाधारण उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मैंने इसके लिए बहुत मेहनत की है और मेरा मानना है कि इसका श्रेय मेरे कोच, प्रायोजकों, परिवार और दोस्तों सहित उन सभी को जाता है जिन्होंने मेरा समर्थन किया। प्रत्येक ने आज मेरी जीत में



भूमिका निभाई है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है।

22 वर्षीय आशी चौकसे का असाधारण प्रदर्शन भारतीय निशानेबाजी में उनके बढ़ते प्रभुत्व को दशार्ता है और इस खेल के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। इस आयोजन में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें देश भर के शीर्ष निशानेबाजों ने खिताब के लिए होड़ लगाई। उनकी रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि ने चल रहे राष्ट्रीय खेलों के रोमांच को बढ़ा दिया है और निशानेबाजी खेलों में भारत की ताकत को मजबूत किया है।

# सरबजोत सिंह फाइनल के लिए बनाई जगह

एजेंसी

**देहरादून।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज की त्रिशूल शूटिंग रेंज में निशाना साधते हुए हरियाणा के शूटर सरबजोत सिंह ने अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। दस मीटर रेंज की शूटिंग स्पर्धा में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की की। यह सरबजोत सिंह का ही कमाल था, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर के साथ कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। सरबजोत सिंह त्रिशूल शूटिंग रेंज से गदगद नजर आए। उन्होंने कहा कि ऐसी शूटिंग रेंज देश में कहीं नहीं है। सरबजोत सिंह राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



दस मीटर रेंज की शूटिंग स्पर्धा का फाइनल खेलेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह की यह शूटिंग रेंज बनाई गई है, वो विदेशों में ही देखने को मिलती है। दिल्ली, भोपाल की शूटिंग रेंज अच्छी है, लेकिन देहरादून की यह रेंज सबसे अच्छी लगी। उन्होंने कहा-शूटिंग में देश का भविष्य अच्छा है। उत्तराखंड से भी अच्छी संभावनाएं हैं। सरबजोत सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद निश्चित तौर पर लोकप्रियता तो बढ़ गई है। मगर बहुत सामान्य ढंग से अपनी जिंदगी को जीते हैं। लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी वह सिर्फ अपने खेल पर फोकस करना चाहते हैं। सरबजोत के खेलने, तारीफ करने के मायने-राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग स्पर्धा में सरबजोत सिंह जैसे स्टार खिलाड़ी की भागीदारी और शूटिंग रेंज की तारीफ के बडे. मायने निकाले जा रहे हैं। त्रिशूल शूटिंग रेंज को बनाने में तकनीकी सहयोग देने वाले अरूण सिंह का कहना है कि शूटिंग रेंज लगातार कसौटी पर खरी उतर रही है। सरबजोत सिंह जैसे बडे. खिलाड़ी इस रेंज पर खेलकर इसकी तारीफ कर रहे हैं, तो इससे बड़ी कोई बात नहीं है।

## बीसीसीआई ने बुमराह को दिया सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड

एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी) ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर के अवार्ड से सम्मानित किया है। बुमराह को 2023-24 के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) घोषित किया गया है। बुमराह को इससे पहले आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का अवार्ड भी मिला था। उन्होंने टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके 15 विकेट और निर्णायक मैच



जिताने वाले स्पैल ने भारत को 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट भी रहे। टेस्ट में उन्होंने साल 2024 के 13 मैचों में सबसे अधिक 71 विकेट लिए थे। वहीं महान ऑलराउंडर कपिल देव ने एक कैलेंडर वर्ष में लाल गेंद क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। बुमराह को पाली उमरीगर पुरस्कार मिला है। उन्हें इससे पहले 2018-19 और 2021-22 सीजन में भी ये सम्मान मिला था। बुमरहा ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे अधिक 32 विकेट लिए थे। अपने शानदार प्रदर्शन से उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला था। आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर कायम बुमराह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई : जे उसो ने रॉयल रंबल का जीता खिताब

एजेंसी

**लंदन ।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) डब्ल्यूडब्ल्यूई इंडियानापोलिस में खेला गया। इसमें जे उसो ने जॉन सीना को हराकर रॉयल रंबल 2025 जीत लिया है। मेन इवेंट में ये पहला मौका है जब उसो को ये खिताब मिला है। है। रॉयल रंबल में मशूहर यूट्यूबर आई शो स्पीड भी अचानक ही शामिल हो गये।

रॉयल रंबल की शुरूआत रे मिस्टीरियो और पेंटा के बीच मुकाबले से हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर अटैक करना शुरू किया। इसके बाद चैड गेबल, कैरमेलो हेस उतरे पर पर प्रशंसक तब हैरान हो गये। जब इस मुकाबले में यूट्यूबर स्पीड घुस ये। स्पीड कुछ ही मिनट रिंग में रह पाए और उन्हें ब्रॉन ब्रेकर ने एलिमिनेट कर बाहर कर दिया। इस रॉयल रंबल मैच में 8वें नंबर पर अकीरा की एंट्री होने वाली थी पर कामेलो ने उनके ऊपर पहले ही अटैक कर दिया। ऐसे में अकीरा प्रवेश नहीं कर पाये और उनकी जगह ट्रिपल एच ने स्पीड को रिंग में भेज दिया। स्पीड ने आते ही ओटिस को एलिमिनेट कर दिया। लेकिन इसके बाद ब्रेकर ने स्पीड पर एक तगड़ा स्पीयर मूव लगा दिया। इसके बाद उन्होंने स्पीड को रिंग के बाहर फेंक दिया और नीचे खड़े ओटिस ने स्पीड को पकड़कर कमेंट्री टेबल पर पटक दिया। स्पीड की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### मंधाना को मिला सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर अवार्ड

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवार्ड सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मिला है। मंधाना ने साल 2024 में 57.46 की औसत से 747 रन बनाए। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए एक कैलेंडर वर्ष में चार एकदिवसीय शतक बनाए, जो महिलाओं के खेल में एक नया रिकॉर्ड है। इस बल्लेबाज को इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की महिला एकदिवसीय क्रिकेटर का पुरस्कार भी दिया गया था।आईसीसी के अनुसार मंधाना ने कठिन हालातों भी रन बनाए। मंधाना ने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से सीरीजी जीतने के दौरान शतक लगाए। अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी उन्होंने शतक लगाया।

## चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती के शामिल होने की उम्मीदें बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी फिरकी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान कर दिया और वह विकेट लेने वालों की सूची में सबसे ऊपर चल रहे हैं। चक्रवर्ती ने सीरीज के तीसरे मैच में इतिहास रचते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय सीरीज में 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। अब तक चार मैचों में उनके नाम 12 विकेट दर्ज हो चुके हैं, और उनके द्वारा इस प्रदर्शन ने उनकी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जगह बनाने की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की टीम में चार स्पिनरों को चुना गया है, जिनमें रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल,



कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई शामिल हैं। हालांकि, यह टीम अस्थायी है और आईसीसी के दिशानिदेर्शों के अनुसार, टीमों को 11 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम की घोषणा करनी होगी। अगर इस समय के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या किसी अन्य कारण से टीम में बदलाव किया जाता है, तो वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया जा सकता है। पिछले साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अक्षर पटेल को अस्थायी टीम में जगह मिली थी, लेकिन टूनार्मेंट से पहले वह चोटिल हो गए थे और उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को अंतिम टीम में शामिल किया गया था। वरुण चक्रवर्ती का इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में प्रदर्शन यह साबित करता है कि वह किसी भी मौके पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। उनके द्वारा लगातार विकेट लेने की क्षमता और दबाव में ठंडा दिमाग रखने की काबिलियत को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में किसी तरह का बदलाव होता है, तो वरुण को एक मौका जरूर मिलेगा। अब यह देखना होगा कि उनका यह शानदार प्रदर्शन उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में स्थान दिलाने में सफल होता है या नहीं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा।

# बिहार के विरुद्ध झारखंड को पहली पारी में 290 रनों की बढ़त

### राजन दीप सिंह ने 149 रन बनाए। शुभ शर्मा 95 व कुरैशी 76 रनों पर नाबाद

▸ सीके नायडू अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट

एजेंसी

**रांची।** जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे हैं सीके नायडू अंडर- 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट के तहत आज दूसरे दिन झारखंड ने बिहार के विरुद्ध पहली पारी 290 रनों की भारी बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 487 रन बना लिए थे। शुभ शर्मा 95 रनों पर नाबाद



थे। वह अभी तक चार छक्के एवं पांच चौके लगा चुका हैं। इससे पहले बिहार ने अपनी पहली पारी में कल 197 रन बनाए थे।

आज झारखंड की ओर से राजनदीप सिंह ने 16 छक्के एवं छह चौके की मदद से 149 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा शिखर मोहन ने एक छक्के एवं 10 चौके की मदद से 72, आर्यन हुड्डा ने 30, रोबिन मिंज ने 35 तथा कुनैन कुरैशी ने तीन छक्के एवं पांच चौके की मदद से नाबाद 76 रन बनाए।बिहार की ओर से सूरज कश्यप व मनीष कुमार ने दो-दो तथा आकाश राजन को एक विकेट मिला।

# रिद्धिमान ने खेल से लिया संन्यास

एजेंसी

**मुम्बई ।** रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेले रहे विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने पंजाब के खिलाफ मैच के बाद खेल को अलविदा कह दिया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटकीपर बल्लेबाज रहे रिद्धिमान को साथी खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। खिलाड़ी उन्हें कंधों पर बिठाकर मैदान से बाहर लाये। साहा ने साहा ने सोशल मीडिया में अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट में एक यादगार यात्रा के बाद, यह मेरा अंतिम सत्र रहा। मैंने खेल के सभी प्रारुपों सं संन्यास ले लिया है वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने



साहा को संन्यास लेने पर बधाई दी है। शमी ने लिखा, हम भारतीय क्रिकेट के पूर्व विकेटकीपर रहे साहा को विदाई दे रहे हैं। मैदान के अंदर और बाहर उनके खेल ने कई सुनहरी यादें दी हैं। साथ ही कहा कि रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून से हम सभी को प्रेरणा मिलती रही है। आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं, रिद्धिमान। आपकी विरासत आने वाली कई पीढियों को प्रेरित करती रहेगी!

अपने करियर के दौरान 141 प्रथम श्रेणी मैचों में साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। साहा ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से दिसंबर 2021 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उन्होंनें नौ एकदिवसीय मैच भी खेले हैं। साहा ने साल 2008 के बाद से लगातार आईपीएल खेला है।

# गुजारे के लिए टैक्सी चला रहे पूर्व तेज गेंदबाज एवेन चैटफील्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सोचा है कि कोई इंटरनेशनल क्रिकेटर अपनी जीविका चलाने के लिए टैक्सी चला सकता है? लेकिन न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज एवेन चैटफील्ड के साथ यही सच्चाई है। 70 वर्षीय एवेन चैटफील्ड आज अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए टैक्सी चला रहे हैं।

वह न्यूजीलैंड के लिए 1979, 1983 और 1987 के वर्ल्ड कप में खेले थे और अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 114 वनडे में 140 विकेट और 43 टेस्ट मैचों में 123 विकेट हासिल किए थे। उनके शानदार इकॉनोमी रेट (3.57) के कारण उन्हें खेल के सबसे किफायती गेंदबाजों में से एक माना जाता था। लेकिन क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें किसी बड़ी नौकरी का



सहारा नहीं मिला और अब वह टैक्सी चला रहे हैं। चैटफील्ड से जब पूछा गया कि उन्होंने टैक्सी चलाने को ही अपना पेशा क्यों चुना, तो उन्होंने कहा, इस उम्र में नौकरी मिलना मुश्किल है, लेकिन टैक्सी चलाने का फायदा यह है कि मैं जब चाहूं, तब काम कर सकता हूं और जब मर्जी हो, क्रिकेट देख सकता हूं। यह मेरे लिए एक सुविधाजनक विकल्प है। एवेन चैटफील्ड का करियर कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा। 1975 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले ही टेस्ट मैच में वह एक खतरनाक बाउंसर से बुरी तरह घायल हो गए थे। यह चोट इतनी गंभीर थी कि उनकी जान जाने तक की नौबत आ गई थी। लेकिन उन्होंने इस झटके से वापसी की और न्यूजीलैंड क्रिकेट का अहम हिस्सा बने। हालांकि, 1987 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारतीय क्रिकेट प्रेमी उन्हें खासतौर पर इस वजह से याद रखते हैं कि 1987 वर्ल्ड कप के दौरान सुनील गावस्कर ने उनके एक ओवर में 21 रन ठोक दिए थे।

चैटफील्ड अपने अजीबोगरीब बॉलिंग एक्शन के लिए भी मशहूर थे, लेकिन अब वह क्रिकेट की दुनिया से काफी दूर हो चुके हैं। यह कहानी क्रिकेट की चमक-धमक के पीछे की सच्चाई को उजागर करती है। आज जहां क्रिकेटर करोड़ों में खेल रहे हैं, वहीं एवेन चैटफील्ड जैसे खिलाड़ी जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह सफर बताता है कि क्रिकेट सिर्फ दौलत और शोहरत की गारंटी नहीं देता, बल्कि संन्यास के बाद की जिंदगी भी एक चुनौती बन सकती है। बता दें कि क्रिकेट दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है, और इसके खिलाड़ियों की जिंदगी बेहद शानदार मानी जाती है। आज के दौर में क्रिकेटर सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि विज्ञापनों और अन्य व्यवसायों से भी करोड़ों की कमाई कर रहे हैं।



इस्टोनिया में आईएसयू यूरोपीय फिगर स्केटिंग में भाग लेती हुई चार्लीन व मैक्रो की इटली के जोड़ी।




# रिलीज के कुछ घंटे बाद ही पाइरेसी की शिकार हुई देवा, शाहिद कपूर को लगा झटका

शाहिद कपूर की बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म देवा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन रिलीज के कुछ ही घंटों बाद ऑनलाइन लीक हो गई। शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर बड़े पर्दे पर आने के तुरंत बाद कई अवैध वेबसाइटों पर अपलोड कर दी गई थी।यह घटना भारतीय सिनेमा को निशाना बनाकर साइबर चोरी का एक और मामला है।

### कलेक्शन पर होगा असर

देवा के पाइरेटेड संस्करण कई अवैध वेबसाइटों पर देखे गए हैं। देवा मूवी डाउनलोड, देवा मूवी एचडी डाउनलोड, देवा तमिलरॉकर्स, देवा फिल्मजिला, और देवा टेलीग्राम लिंक्स जैसे कीवर्ड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहे हैं। यह फिल्म कई फॉर्मेट में कई वेबसाइटों पर उपलब्ध है। देवा का ऑनलाइन लीक होना इसकी बॉक्स ऑफिस संभावनाओं के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

### फिल्म के कलाकार

यह फिल्म शुरुआती तौर पर देश भर के सिनेमाघरों में भारी भीड़ खींच रही है, जिसमें शाहिद कपूर ने एक विद्रोही पुलिस अधिकारी देव अम्बरे की भूमिका में अभिनय किया है। मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस थ्रिलर-ड्रामा में पूजा हेगड़े एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जबकि कुब्रा सैत और पावेल गुलाटी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।

### कई फिल्में हो चुकी हैं पाइरेसी का शिकार

देवा से पहले भी कई फिल्में पाइरेसी का शिकार हो चुकी हैं। अक्सर हर फिल्म ही पाइरेसी का शिकार हो जाती हैं। इससे पहले साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर भी पाइरेसी का शिकार हुई थी, जिस पर निर्माताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्शन भी लिया था। इस मामले में पुलिस केस भी किया गया और एक आरोपी को हिरासत में भी लिया गया था।



# मैं 7-8 साल की थी तभी से लोग मेरे बारे में बोलते हैं, बहुत बुरा लगता था

माता-पिता श्रीदेवी और बोनी कपूर की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर उत्साहित भी हैं और नर्वस भी। ओटीटी पर द आर्चीज से अपने अभिनय का श्रीगणेश करने वाली खुशी अब आने वाली फिल्म लवयापा में प्यार-मोहब्बत की उलझनों को दर्शाती नजर आएंगी। इस मुलाकात में वे अपनी फिल्म, महिला मुद्दों, माता-पिता और ट्रोल्स के बारे में खुलकर बात कर रही हैं।

**इंडस्ट्री में जब भी दो बहन या भाई आते हैं, तो उनके बीच सिबलिंग राइवलरी की चर्चा होने लगती है। आपकी बहन जाह्नवी कपूर से आपकी बॉन्डिंग काफी है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं ऐसा कुछ मानती ही नहीं। मुझे नहीं लगता कि दो बहनों के बीच ऐसा कुछ होता होगा। हां, हम दोनों बहनें एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। मैं जाह्नवी से काफी सवाल पूछती रहती हूं। जाह्नवी का सिर खा जाती हूं। काम की बात हो या किसी फंक्शन में कोई आउटफिट पहनना हो। मैं उससे सवाल पर सवाल करती रहती हूं। मैं उसको आउटफिट के पिक्स ले-लेकर भेजती रहती हूं और पूछती रहती हूं कि क्या पहनूं। क्या करूं! मुझे लगता है कि मैं उनके अनुभव से काफी कुछ सीख सकती हूं। वो जो कहती हैं, मैं वैसा ही करती हूं।

**आपके फिल्मकार पिता बोनी कपूर से आपने क्या टिप्स लिए इंडस्ट्री में आने के लिए?**

मैं अपने डैड से पूछे बिना कुछ नहीं करती। मैं इंडस्ट्री में नई हूं और वे काफी अनुभवी हैं, तो स्क्रिप्ट्स की बात हो या काम की, मैं हमेशा उन्हीं से सलाह लेती हूं। वे हमेशा मुझे एडवाइज देते हैं और मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

**आपकी नजर में सबसे आइडियल कपल कौन है?**

बेशक मेरे माता-पिता। मैं अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती हूं। वही मेरी नजर में सबसे आदर्श कपल हैं। हर कोई बचपन से अपने माता-पिता को ही देखता है एक आदर्श के रूप में। उनकी आदतें, उनके मूल्यों और विश्वास को ही वे अपनाते हैं। उनकी गलतियों से सीखते हैं। मैंने प्यार का अहसास अपने माता-पिता के रिश्ते से सीखा। जिस तरह वे एक-दूसरे को चाहते थे। मैं भी उसी तरह का प्यार और रिश्ता चाहूंगी।

**आपकी फिल्म रिलेशनशिप और प्यार-मोहब्बत पर आधारित है। क्या आप उनके सिचुएशनशिप, बेंचिंग, रेड फ्लैग, घोस्टिंग जैसे टर्म्स से वाकिफ हैं?**

मुझे रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग के बारे में तो पता है। ये समझना आसान है। बाकी दूसरे टर्म्स से मैं वाकिफ नहीं हूं। मैं देखती हूं कि हर दिन कुछ नया आ जाता है। मगर मैं इतना कह सकती हूं कि प्यार एक अहसास है। वह अब भी वैसा ही है, जैसे पहले था। हां, कॉम्प्लिकेशन्स भी हैं। बस अब ये एक्स्ट्रा टर्म्स आ गए हैं। जैसे हमारी फिल्म ही ले लीजिए। इसमें फोन के कारण काफी जटिलताएं आ जाती हैं। हमारी फिल्म में आपको पुरानी फिल्मों वाला प्यार-मोहब्बत मिलेगा, मगर हमने न्यू एज जेनरेशन के लव और उनकी समस्याओं को भी दर्शाया है।

**सोशल मीडिया पर आप कितना वक्त बिताती हैं? ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं भी दूसरों की तरह सोशल मीडिया पर काफी वक्त बिताती हूं। रील्स देखती रहती हूं। कोशिश करती हूं कि अपना स्क्रीन टाइम कम कर सकूं, मगर कर नहीं पाती, क्योंकि सारा काम फोन पर ही होता है। हमारी पूरी जिंदगी फोन पर है। वैसे कंट्रोल नहीं है मेरा। जहां तक ट्रोल्स की बात है, तो वह मेरे फिल्मों में आने से पहले ही थे। जब मैं 7-8 साल की थी, तभी से लोग मेरे बारे में कुछ न कुछ तो बोलते ही रहते थे इंटरनेट पर। अब तो काफी हद तक आदत हो गई है, मगर जब मैं छोटी थी, तब बहुत बुरा लगता था कि मेरे बारे में ऐसा क्यों लिखा जा रहा है। मगर अब लगता है कि लोग तो कहेंगे ही। मैं उसे कंट्रोल नहीं कर सकती। लोगों को एक इम्प्रेशन है मुझे लेकर कि मैं इंडस्ट्री से हूं, तो शायद मैं ऐसी हूं या वैसी हूं। लोगों को लगता है कि अगर ये इंडस्ट्री से हैं, तो शायद ईमानदारी से काम नहीं करेगी। मगर वे गलत हैं। अगर मैं दिन भर ट्रोल्स के कॉमेंट पढ़ूं, तो मुझे बुरा ही लगेगा। मैं ज्यादातर उन्हें इग्नोर करती हूं। मैं अपना काम बेहतरीन ढंग से कर सकती हूं और उम्मीद करती हूं कि लोग मुझे पसंद करें।



पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है।

# राजकुमार राव-पत्रलेखा ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। नए उद्यम का नाम उनकी माताओं (कमलेश यादव और पापरी पॉल) के लिए प्यारी याद है, क्योंकि इसमें उनके नाम के पहले अक्षर शामिल हैं। दोनों ही कलाकार इस प्रयास में उद्योग जगत के अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का मतलब भी समझाया है।

### कपल ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है। अपने नए उद्यम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, काम्पा का शुभारंभ हमारे लिए एक भावनात्मक मील का पत्थर है। सिनेमा ने हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बदले में कुछ देने का हमारा तरीका है।

### राजकुमार राव ने जताई खुशी

राजकुमार ने आगे कहा, हम ऐसी कहानियां बताने के लिए एक मंच बनाना चाहते थे, जो मनोरंजक और प्रेरणादायक होने के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी गूंजती हों। यह यात्रा हमारे दिल के बहुत करीब है और हम दर्शकों के लिए ताजा और अनूठी कहानियां लाने के लिए उत्सुक हैं। कपल का उद्देश्य है कि वे काम्पा फिल्म्स को एक मंच के रूप में उपयोग करके विविध कहानियां सुनाएं, जो दर्शकों के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से जुड़ती हों।

### कुछ प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है प्रोडक्शन हाउस

काम्पा फिल्म्स ने कुछ प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी। प्रोडक्शन हाउस को उम्मीद है कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगा। उनका लक्ष्य ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे लोगों को संदेश भी मिले और उनका मनोरंजन भी हो जाए।

# विजय की जासूसी थ्रिलर फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा? भाग्यश्री बोरसे भी आएंगी नजर

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म वीडी 12 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वीडी 12 की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। इस फिल्म के शीर्षक को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन अब लगता है फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। बहरहाल, कथित तौर पर वीडी 12 का नाम साम्राज्यम रखा गया है।



### फिल्म का शीर्षक

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा गौतम थिन्नानुरी द्वारा निर्देशित फिल्म वीडी 12 में नजर आएंगे। निर्माता नागा वामसी द्वारा वीडी 12 का शीर्षक तय किए जाने की घोषणा के बाद, फिल्म के शीर्षक के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं। चर्चा के अनुसार, फिल्म का शीर्षक साम्राज्यम है, लेकिन अभी तक फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी

भारी भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में वियज देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। भाग्यश्री को उनकी फिल्म मिस्टर बच्चन में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी।


### फिल्म का बजट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक और एक झलक 7 फरवरी, 2025 को सामने आ सकती है। यह अखिल भारतीय फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बीच एक संयुक्त सहयोग है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत तैयार कर रहे हैं।

### फिल्म की शूटिंग

बहरहाल, विजय इन दिनों वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि वीडी 12 को दो भागो में रिलीज किया जाएगा और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल, वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है।





# हंटर 2 का टीजर जारी जैकी श्रॉफ से दो-दो हाथ करेंगे सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।**

### सुनील शेट्टी का दमदार अवतार

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं।

### निर्माताओं की पोस्ट

वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

### कलाकार और टीम


वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

# 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं राम कपूर

राम कपूर टीवी सीरियल्स की दुनिया का मशहूर नाम हैं, साथ ही वह फिल्मों, वेब सीरीज में भी अलग-अलग तरह के किरदार करते हैं। इस समय वह अपनी वेट लॉस जर्नी को लेकर काफी चर्चा में हैं। लगभग 6-8 महीने में राम कपूर ने 55 किलो वजन कम किया है। हाल ही में राम कपूर को साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में देखा गया। यहां पर वह अपनी वेट लॉस जर्नी और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए दिखे। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का जिक्र किया। राम कपूर ने साइरस ब्रोचा को उनके पॉडकास्ट में बताया कि वह फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा हैं। वह इसे एक कमाल की फिल्म बताते हैं। आगे राम बताते हैं कि फिल्म में वह अक्षय कुमार और अरशद वारसी के किरदारों की तरह ही एक वकील के किरदार में हैं। यह रोल छोटा जरूर है लेकिन बहुत ही असरदार है। वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। राम कपूर आगे बताते हैं कि वह वह आयुष्मान खुराना के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इसकी कुछ शूटिंग हो चुकी हैं बाकी कश्मीर में होगी। वह जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर जाएंगे।



# ओखला पक्षी विहार में शुरू बर्ड फेस्टिवल-2025



**नोएडा (चेतना मंच)।** अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस के अवसर पर ओखला पक्षी विहार गौतमबुद्धनगर में बर्ड फेस्टिवल-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस गौतमबुद्धनगर रामबदन सिंह व इन्दुप्रकाश, काश, ओ0एस0डी0एवं उद्यान निदेशक, नोएडा प्राधिकरण आनंद मोहन की गरीमामयी उपस्थिति रही।

बर्ड फेस्टिवल-2025 के अंतर्गत एचसीएल फाउन्डेशन, वाईएसएस फाउन्डेशन के स्वयंसेवको, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं पक्षी प्रेमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में आये आगन्तुको एवं स्वयंसेवको के साथ प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छायाचित्र प्रतियोगिता, बर्ड वाचिंग एवं आर्द्रभूमि भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आर्द्रभूमि भ्रमण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवको, छात्र एवं पक्षी प्रेमियों को आर्द्रभूमि एवं पक्षी सम्बन्धी पारिस्थितिकी पर अपना उद्बोधन देकर आर्द्रभूमि के महत्व एवं प्रवासी तथा अप्रवासी पक्षियों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम समाप्ति पर प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किये गये व प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों तथा समस्त गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए दी परीक्षा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा निर्देशों के पर अपर



श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर सरजू राम ने बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय है, जिसमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चो एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक की निःशुल्क शिक्षा प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने बताया कि मेरठ मण्डल के अन्तर्गत जनपद बुलन्दशहर के ग्राम कौन्दू तहसील सिकन्दराबाद जनपद बुलन्दशहर में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए मण्डलीय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करायी गयी, जिसमें जनपद गौतमबुद्धनगर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कुल 171 आवेदन (कक्षा-6 के कुल 86 आवेदन तथा कक्षा-9 के 85 आवेदन) छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रवेश के लिए किये गये थे, जिन्होंने राजकीय बालिका विद्यालय होशियारपुर सैक्टर-51 नोएडा गौतमबुद्धनगर में (कुल 156 छात्र/छात्राओं ने) परीक्षा दी है, जिनकी कुल उपस्थिति 92 प्रतिशत रही है। परीक्षा प्रातः11 बजे से प्रारम्भ होकर अपरान्ह 1:30 सकुशल सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा अवधि में बच्चों को अल्प पुष्टाहार, पेय जल आदि की समूचित व्यवस्था भी की गयी थी। परीक्षा में उपस्थित अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं से परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उक्त परीक्षा जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग की देख-रेख में शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायी गयी।

प्रवेश परीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दूबे, अपर श्रम आयुक्त सरजू राम, सहायक श्रमायुक्त सुभाष चन्द्र यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्या तथा अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल लुटेरों से मुठभेड़, एक बदमाश लंगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 पुलिस और मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार बदमाशों के बीच हुयी मुठभेड के दौरान एक बदमाश पैर में गोली



लगने के कारण घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फरार हुए दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन और उनके कुछ पार्ट्स, एक स्पलेंडर मोटर साइकिल, एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ गोली लगने से घायल बदमाश विकास उर्फ गुल्लू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना फेस-1 पुलिस द्वारा दिल्ली की तरफ से गोल चक्कर से आने वाले रास्ते पर गंदे नाले के ऊपर चेकिंग की जा रही थी, तभी चैकिंग के दौरान दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से आते हुये दिखाई दिये, पुलिस ने चेकिंग के लिए बाईक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया तो वह नही रूके अपनी मोटर साइकिल पीछे मोड़कर सेक्टर 14ए के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने लगे जिसमें उनकी मोटर साइकिल फिसल कर गिर गई। तब बदमाशो ने अवैध तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर किया और भागने लगे, पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में विकास उर्फ गुल्लू के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जबकि विजय को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

बदमाशों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन और उनके कुछ पार्ट्स, एक स्पलेंडर मोटर साइकिल, एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ है. घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास व अन्य जानकारी की जा रही है।

# श्रद्धा व पारंपरिक रूप से मनाई गई वसंत पंचमी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में वसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा व पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है. प्रकृति की बसंती मुस्कान के बीच शहर के मंदिरों के अलावा विभिन्न सेक्टरों में आरडब्ल्यूए, स्कूलों, कॉलेजों व अन्य संस्थाओं की ओर से मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हवन पूजन का आयोजन किया गया है।

काली बाड़ी मंदिर समिति की अध्यक्षा अल्पना रॉय व सचिव सिद्धार्थशंकर रॉय ने बताया कि सेक्टर-26 स्थित काली बाड़ी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मां को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में निवासियों ने नन्हें बच्चों को सरस्वती मां का पूजन करवाते हुए पढ़ाई की शुरुआत करवाई। पंडालों में मां सरस्वती का पूजन विधि विधान से किया। नोएडा काली बाड़ी मंदिर समिति की अध्यक्षा अल्पना रॉय ने बताया कि पूजा हर साल होता है इस साल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, क्योंकि मां सरस्वती विद्द्या और सांस्कृति की देवी कहा जाता है, इसलिए गीत नृत्य और नाटक के कार्यक्रम आयोजित किये गये, बंगाल से लोकनृत्य की टोली भी आई है। यहां पार हजारों की संख्या लोग भाग लेने आते है. इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

वसंत पंचमी पर्व पर सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में बच्चों में उपहार और कापी पेंसिल, मिठाई आदि वितरित की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सेक्टर-55 सी ब्लॉक शिव शक्ति मंदिर सेक्टर-122 में वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा व पारंपरिक तरीके से बनाया गया।

# रेपिडो बुक कराकर लूटते थे बाइक, मुठभेड़ में घायल बदमाश

**ग्रेटरनोएडा (चेतना मंच)।** थाना नालेज पार्क पुलिस और रेपिडो चालको को राइड बुक करके उनकी मोटर साइकिल लूटने वाले गिरोह के बदमाशों से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फरार हुए दो बदमाशों को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।बदमाशों के कब्जे दो मोटर साईकिल, दो चोरी के मोबाइल, अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।



एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश दिवाकर सिंह पुत्र राजीव कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि थाना नालेज पार्क पुलिस बैरियर लगाकर शारदा गोलचक्कर पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान दो मोटर साइकिल पर 3 सवार लोगों को आते देख उन्हे रूकने का ईशारा किया गया। लेकिन पुलिस को देख कर नामौली की तरफ जाने वाला रास्ते गुर्जरपुर रेलवे अण्डरपास की तरफ से भागने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया गया। तभी एक बदमाशों तमंचे फायर किया, पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही के दौरान दिवाकर सिंह के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया, दिवाकर सिंह के दो साथियों दीपांशु उपाध्याय और अभिषेक चौहान को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पुछताछ से खुलासा हुआ कि तीनों बदमाश रेपिडो चालको को राइड बुक करके उनकी मोटर साइकिल लूट करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य है. इनके आपराधिक इतिहास व अन्य जानकारी की जा रही है।



नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 में खाना बनाने वाली दुकान में आग लग गई। आग लगने से आस-पास हड़कंप मचा।

# नोएडा में बनाया त्रिवेणी का कृत्रिम घाट

## शहरवासी लगा रहे आस्था की डुबकी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-122 के निवासियों ने अपने इलाके में बने छठ घाट पर त्रिवेणी संगम का गंगा जल डालकर एक कृत्रिम घाट तैयार किया है। यहां पवित्र स्नान का आयोजन किया गया है। इस कृत्रिम घाट में लोगों आस्था की डुबकी लगा रहे है। लेकिन वही कुछ लोगों का तर्क है कि श्रद्धालु वही करेंगे जिससे उन्हें 'सर्वाधिक पुण्य' मिलेगा। वरना, गंगा तो हमारी कठौती में ही है। पाप-पुण्य ज़्यादा समझाएगा तो लोग इसी भावना के साथ घरों में ही रोज महाकुंभ का स्नान करने लगेंगे और फिर इन तीर्थस्थलों के प्रचार-प्रसार का महत्व क्या रह जाएगा?

कृत्रिम घाट पर महाकुंभ स्नान की शुरुआत गंगा आरती, पूजा, भव्य दीपों, मंत्रों और संगीत के साथ हुई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सबसे पहले महिलाओं ने आरती समाप्त होते ही कुंड में डुबकी लगाना शुरू किया। सेक्टर निवासियों का कहना कि शंकराचार्य के अनुसार, अमृत जल-शाही स्नान के समय त्रिवेणी का जल डालकर स्नान करने का उतना ही फल है, जितना प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान करने का। इसलिए, जो लोग प्रयागराज नहीं जा सके, उनके लिए यह कृत्रिम घाट आस्था का केंद्र बन गया है। यह एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मा को शुद्ध करने और जीवन में नई ऊर्जा भरने का अवसर भी है।



